16 MAY - janj -BHOOMI-PG-01_Layout 1 5/16/2024 9:56 PM Page 1


हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 17 मई 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 27. 0 डिग्री

4 सीसी सड़क नहीं बनने के कारण हो रही परेशानी



## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल का नाम परिवर्तन छग का अपमानः नपाध्यक्ष

**जांजगीर-चांपा।** स्वामी विवेकानंद के गुरू स्वामी आत्मानंद है जिनके नाम पर स्कूल संचालित है। छात्र-छात्राएं एवं युवा पीढ़ी के लिए विवेकानंद सदैव आदर्श माने जाते रहे है। स्वामी आत्मानंद रामकृष्ण मिशन के एक संत, समाज सुधारक व शिक्षाविद थे। उनके बताये गये मार्गदर्शन एवं आदर्शों पर युवा पीढ़ी आज भी अनुसरण करती है। नपाध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल ने स्कूल के नाम परिवर्तन को छत्तीसगढ़ का अपमान बताया है तथा जांजगीर में पीएमश्री में बदलने की योजना बनाई जा रही है जिसे नपाध्यक्ष श्री गढ़ेवाल ने संचालित स्कूल स्वामी आत्मानंद के नाम अनुचित बताया है।

### प्लेसमेंट कैम्प का रोजगार कार्यालय में आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा द्वारा 17 शुक्रवार मई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन प्रातः 11 बजे से रोजगार कार्यालय, जांजगीर चांपा में किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कैम्प में टाटा मोटर्स जेडी आटोनेशन, जांजगीर द्वारा टीम लीडर के 2 एवं सेल्स एक्जिक्यूटिव के 10 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पद के लिए निर्धारित योग्यता स्नातक उत्तीर्ण निर्धारित की गई है एवं उक्त पदों के लिए मानदेय 10 हजार से 25 हजार निर्धारित है एवं कार्यक्षेत्र जांजगीर चांपा निर्धारित है। इच्छुक युवा उक्त प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होना चाहते है वे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों तथा रोजगार पंजीयन के साथ निर्धारित तिथि में उपस्थित हो सकते है एवं अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा से भी संपर्क किया जा सकता है।

### चांपा-बिर्रा मुख्य मार्ग में गतिरोधक बना परेशानी

**जांजगीर-चांपा।** चांपा-बिर्रा मुख्य मार्ग में बना गति अवरोधक बना वाहन चालक सहित लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया है। इससे ना केवल वाहन चालक को चोटिल हो रहे है बल्कि कई लोग हादसे के शिकार हो चुक है। समय रहते अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ी हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता है। जनपद पंचायत बम्नीडीह अंतर्गत आने वाले आदर्श ग्राम पंचायत तालदेवरी में चाम्पा बिर्रा मुख्य मार्ग में दुर्घटना को रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बड़े बड़े दो गति अवरोधक बनाया गया है। इस मार्ग में सैकड़ों की संख्या में हाइवा, ट्रक, बस, दो पहिया वाहन दिन रात चलती रहती है।
गतिअवरोधक की उंचाई अधिक होने के कारण दो पहिया वाहन चालक अनबैलेंस होने के कारण रोजाना लोग हादसे के शिकार हो रहे है। रहें हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है।

### 10 में से 2 बसों का हो रहा संचालन, दैनिक यात्रियों को होती है परेशानी

# सिटी बस सेवा की सुध लेने वाला कोई नहीं, कबाड़ में तब्दील हो रही गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में सिटी बस की सुध लेने वाला कोई नहीं है। जिसके चलते लाखों के वाहन कबाड़ में तब्दील हो रहे है। स्थिति यह है कि 10 में से महज 2 बसों का ही संचालन हो पा रहा है। जिसके चलत दैनिक यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर से नवंबर 2015 में सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया गया। यहां 10 बसें आई थी और सभी बसों का परमिट कार्यालय सचिव क्षेत्रिय परिवहन पदाधिकारी द्वारा जारी किया गया। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 7 अक्टूबर 2020 तक के लिए परमिट जारी किया गया। मगर अकलतरा से शिवरीनारायण व्हाया पामगढ़, शिवरीनारायण से अकलतरा, बलौदा से चांपा, चांपा से अकलतरा और नैला से चाम्पा तक सिर्फ पांच बसों का संचालन हुआ। ऐसे में जिलेवासियों को सभी सिटी बसों का लाभ नहीं मिला। जिन मार्गों पर दो-दो बसें चलनी थी उन मार्गों पर एक-एक बस ही चलाया गया। इसके बाद रही सही कसर कोरोनाकाल ने निकाल दी। कोरोनाकाल के समय जो सिटी बस सेवा बंद हुई, वह आज तक पटरी पर नहीं आ सकी है। इतना ही नहीं शासन द्वारा करोड़ों की लागत से भेजी गई 8 सिटी बसों की हालत भी कंडम हो गई है। ये गाड़ियां जहां तहां खड़ी कबाड़ हो रही है। इन बसों के पहिये, इंजन और बैटरी गायब हो चुके हैं, शीशे टूट चुके हैं। विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण करोड़ों रुपए पानी में बह गए हैं। कुछ गाड़ियां जोबी मार्ग पर खड़ी कंडम हो रही है तो कुछ नैला डिपो में खड़ी कबाड़ हो रही है। इधर लोगों को नैला रेलवे स्टेशन, चांपा, कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, जिला अस्पताल के अलावा अकलतरा, बलौदा, बाराद्वार आदि क्षेत्र में सफर करने के लिए निजी बसों अथवा निजी आटो और चारपहिया वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी जिला मुख्यालय जांजगीर में कलेक्टर कार्यालय, एसपी कार्यालय, जिला पंचायत, जिला न्यायालय, जिला अस्पताल, रोजगार कार्याल, जिला परिवहन कार्यालय आदि जगहों पर जाने में हो रही है। मजबूरी में लोगों को अधिक किराया देकर आटो में सफर करना पड़ रहा है। इन जगहों पर बस की सुविधा नहीं है और यहां जाने के लिए आटो का किराया कम से कम 50 रुपए से लेकर 100 रुपए तक होता है। ऐसी स्थिति में शहर के चौक चौराहों से इन कार्यालयों तक पहुंचने वालों को समय के साथ साथ आर्थिक भार भी पड़ रहा है। राज्य शासन के परिवहन विभाग द्वारा बड़े तामझाम के साथ सिटी बसों का संचालन जांजगीर चांपा जिले के लिए शुरू किया गया था। ताकि शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से आने जाने वाले लोगों को कोई परेशानी ना हो। इसके बाद जैसे तैसे करीब 3 साल सिटी बसों का संचालन किया गया। इसके बाद रखरखाव एवं अन्य समस्याओं को लेकर तत्कालिक सिटी बस संचालक ने अपने हाथ खड़े कर दिया। उसके बाद से व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पाई है।



कबाड़ में तब्दील होते जा रही सिटी बस।

#### भेजी गई है जानकारी

जिला मुख्यालय सहित अन्य शहरी क्षेत्रों में सिटी बस का संचालन नहीं हो पा रहा है। इस बात की जानकारी भेज दी गई है। इसे लेकर उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन मांगा गया है। उनके मार्गदर्शन में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-गौरव साहू,
डीटीओ, जांजगीर चांपा

# चालक को आई झपकी, नाली में जा पलटी बाराती कार, 9 घायल

## पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ससहा की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्राम धनगांव से भैंसो आ रही बाराती कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाली में जा पलटी। घटना में 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस बीच वाहन चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पामगढ़ में भर्ती कराया गया। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ससहा की है।

इस संबंध में पामगढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भैसो में वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा था। यहां से बारात धनगांव गई थी। धनगांव से बारात वापस आते समय गुरूवार 16 मई की सुबह पामगढ़ के ससहा रोड के जगन तालाब के पास बाराती कार सड़क किनारे नाली में जा पलटी। बताया जा रहा है चालक को झपकी आने से हादसा हुआ। घटना में चालक बाल बाल बच गया। इस घटना में कार में सवार 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटना स्थल पहुंचे एवं मामलेकी जानकारी पामगढ़ पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस प्रशासन के सहयोग से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पामगढ़ में भर्ती कराया गया है।



सड़क किनारे पलटी बाराती कार।

# ट्रेलर की टक्कर से केएसके प्लांट कर्मचारी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

बीती रात केएसके पावर प्लांट में नाइट ड्यूटी करने जा रहे लटिया निवासी रघुवीर मरकाम को तेज रफ्तार ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर रूप से घायल रघुवीर मरकाम को सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया है।

घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि ग्राम लटिया निवासी रघुवीर मरकाम रात 9 बजे अपनी मोटरसाइकिल से नाइट ड्यूटी करने के केएसके प्लांट बनाहील जा रहा था। वह लटिया के ओवर ब्रिज के पास पहुंचा ही था कि कल्याणपुर की से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे पीछे से ठोकर मार दिया। ठोकर लगने से रघुवीर मरकाम दूर जा गिरा और उसके माथे, सिर और हाथ पैरो मे चोटे आयी। दूर्घटना के बाद घटनास्थल पर एकत्रित लोगों के द्वारा रघुवीर मरकाम के परिजनों को सूचित किया गया एवं रघुवीर में काम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा ले जाया गया। रघुवीर मरकाम को लगे चोट की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टर के द्वारा उसे सिम्स बिलासपुर के लिए रेफर कर दिया गया। भारी वाहनों की चपेट में जाकर आए दिन क्षेत्रवासी दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। क्षेत्र वासियों के द्वारा जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए भारी वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस,ओवरलोड एवं अधिकतम गति सीमा सहित अन्य आवश्यक निरीक्षण करते हुए अवैध रूप से परिवहन कर रहे भारी वाहनों पर कार्रवाई कर क्षेत्र में लगातार हो रही दुर्घटना पर अंकुश लगाए जाने की मांग की गई है।



# मां की हत्या करने वाले पुत्र को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मां की हत्या करने वाले पुत्र को आजीवन कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने सुनाया है। मामला बिर्रा थाना अंतर्गत ग्राम डभराखुर्द का है।

- जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने सुनाया फैसला

लोक अभियोजक राजेश पाण्डेय ने बताया कि 15 अक्टूबर 2023 को सूचक श्रवण पटेल अपने घर के पास था। वहीं पर थोड़ी दूर में अवधमति का घर है। दोपहर करीब 3.30 से 4 बजे के मध्य अवधमति द्वारा बचाने की बात को लेकर चिल्ला रही थी। उसकी आवाज सुनकर श्रवण पटेल दौड़ते हुए उसके घर गया तो वह चित्त हालत में घर के दरवाजे के सामने पड़ी हुई थी, तब वह नानी- नानी कहकर चिल्लाया। वहां पर चावल बिखरा पड़ा हुआ था। अवधमति का बेटा अनिल पटेल को घर से रोड तरफ भागते हुए देखा। उसके बाद अवधमति के भतीजा पुरुषोत्तम पटेल को एवं गांव के रमेश पटेल को लेकर अवधमति के घर गया, उस वक्त उसकी मौत हो गयी थी। अभियुक्त अनिल पटेल शराबी प्रवृत्ति का व्यक्ति है, आये दिन अपनी मां अवधमति से मारपीट करते रहता था। शंका है कि अनिल पटेल ही हाथमक्का से मारपीट कर अवधमति की हत्या की है। पुलिस के द्वारा 15 अक्टूबर को सूचक श्रवण पटेल की सूचना पर थाना बिर्रा में मर्ग दर्ज कर आरोपी के विरूद्ध धारा 302 का अपराध पंजीबद्ध किया गया और प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटनास्थल का नजरी नक्शा तैयार किया गया। तत्पश्चात विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आरोपी द्वारा अपनी मां से शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने के कारण उसकी हत्या की गयी है। इस प्रकार अभियोजन साक्षी श्रवण पटेल के साक्ष्य के अनुसार दोपहर 3 बजे साक्षी अपने घर में था, तब उसे अवधमति द्वारा शोर की आवाज सुनी। साक्षी ने उक्त आवाज अवधमति के घर से आते हुए सुनी थी। साक्षी उक्त आवाज को सुनकर अभियुक्त अनिल पटेल के घर से तरफ गया, जैसे ही साक्षी आरोपी के घर के दरवाजे पर पहुंचा तो वहां पर घर के दरवाजे को खुला हुआ पाया और साक्षी आरोपी के घर के अंदर गया तो उसने आरोपी को अपने घर से निकलते हुए पाया। अवधमति को पास जाकर देखा तो उसका धड़ वाला हिस्सा कमरे के भीतर तरफ और पैर वाला हिस्सा आंगन की तरफ और चित्त अवस्था में पड़ी हुई थी। उस समय आरोपी के सिवाय अन्य कोई नहीं था, जिसे प्रमाणित मानकर कर साक्षी श्रवण पटेल के कथनों पर विश्वास कर अभियोजन ने अभियुक्त के विरूद्ध प्रकरण को युक्तितयुक्त संदेह से परे प्रमाणित कराया है। आरोपी अनिल पटेल पिता स्व. रामनाथ पटेल उम्र 37 वर्ष निवासी डभराखुर्द थाना बिर्रा को अपराध धारा 302 के लिए आजीवन कारावास एवं 5 हजार के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। अभियुक्त द्वारा अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं करने पर 6 माह का सश्रम कारावास पृथक से भुगताये जाने का आदेश न्यायालय द्वारा दिया गया है।



### वाहन चालक सहित राहगीरों को परेशानी का करना पड़ता है सामना

# कलेक्टोरेट बाईपास सड़क जर्जर, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में नहर किनारे से होकर कलेक्ट्रोरेट जाने वाले बाईपास मार्ग की सुध लेने वाला कोई नही है। जिसके चलते इस मार्ग से होकर आने जाने वाले लोगो को काफी परेशानियो का सामना भी करना पडता है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के नहर किनारे जलसंसाधन विभाग के किनारे से होकर कलेक्ट्रोरेट जाने वाला बाईपास मार्ग है। वहीं अधिक दूरी तय नहीं करना पड़े इस वजह से इस मार्ग का इस्तेमाल करते है। वर्तमान में इस रास्ते से होकर जाना कठिन है। इस रास्ते की सुध लेने वाला ना तो पालिका प्रशासन एंव ना ही लोक निर्माण है। जिसके चलते शहर के इस मार्ग की हालत खराब हो गई है। ऐसे में सायकल, बाइक एंव चार पहिया वाहन चालको को आने जाने मे काफी दिक्कतो का सामना भी करना पड जा रहा है। इसी रास्ते पर ही कलेक्टर, अपर कलेक्टर एंव जिला पंचायत सीईओ के साथ पुलिस अधीक्षक के भी सरकारी आवास है। इन सबके बावजुद समस्या जस की तस बनी हुई है।



कलेक्टरोट बाई पास पहुंच मार्ग।

#### कमरीद अफरीद मुख्य मार्ग में भी पक्की सडक का इंतजार

बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत कमरीद एंव बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम अफरीद ग्राम को जोडने वाली करीब डेढ किलोमीटर पक्की सडक आज पर्यन्त नही बन पाया है। जिसके चलते कमरीद एंव अफरीद आने जाने वाले लोगो को आज भी कच्ची सडक मार्ग से होकर आने जाने की मजबुरी बनी हुई है। ऐसा भी नही कि अफरीद एंव कमरीद गांव के लोगो के द्वारा कच्ची सडक को पक्की करवाने जनप्रतिनिधियो से लेकर उच्च अधिकारियो को अवगत ना कराया गया हो। इन सबके बावजुद समस्या जस की तस बनी हुई है।




## खबर संक्षेप

### तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला पर भालू ने किया हमला, मौत



**कोरबा।** एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गई हुई थी। इस बीच अलसुबह उसका सामना एक जंगली भालू से हो गया और भालू ने महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। महिला और भालू के बीच द्वंद होता रहा लेकिन कोई मदद नहीं मिली जिससे भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां मामले में वैधानिक कारवाई कर मृत महिला के परिजनों को वन विभाग की ओर से आर्थिक सहायता की राशि प्रदान कर दी गई है। मामला कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज का है। बताया जाता है कि ग्राम सिमगा में निवास करने वाली सीताबाई 60 वर्ष पति मुखीराम रोज की तरह बुधवार की अलसुबह तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल गई हुई थी। जहां कक्ष क्रमांक ओए 689 पर तेंदूपत्ता तोड़ रही थी। इसी दौरान जंगल से भटककर एक भालू मौके पर आ धमका और सीताबाई से सीधा उसका सामना हो गया। सीताबाई और भालू के बीच द्वंद होता रहा। जहां भालू ने महिला पर हमला कर दिया और महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जब तक महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जाता सीताबाई की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौके पर मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे। जहां मृतिका सीताबाई के परिजनों को वन विभाग की ओर से आर्थिक सहायता की राशि प्रदान कर दी गई है। बाकी शेष राशि वैधानिक कार्रवाई कर परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

### वाहन मालिकों से वसूला गया 21 लाख 87 हजार समन शुल्क

**कोरबा।** जिला परिवहन विभाग का उड़नदस्ता दल लापरवाह वाहन चालकों पर लगाम कसने लगातार कार्यवाही कर रहा हैं। इसके बावजूद वाहन मालिक और वाहन चालक लापरवाही बरत रहे हैं। माह अप्रैल में हुई कार्यवाही के दौरान कुल 1284 प्रकरण दर्ज किए गए। जिसमें 21 लाख 87 हजार 200 रुपए समन शुल्क भी वसूला गया। कोरबा औद्योगिक जिला होने के कारण यहां दो पहिया, चार पहिया और भारी वाहनों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जिसके कारण आए दिन जिले में सड़क हादसे भी घटित हो रहे हैं। इन घटित हो रहे हादसों पर रोक लगाने पुलिस और प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है।

## बालको संयंत्र से गुजरात के लिए हुए थे रवाना

# करोड़ों की एल्युमिनियम सिल्ली से भरा ट्रक गायब, दिल्ली से किया गया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको संयंत्र से दो ट्रकों में 2 करोड़ 60 लाख रुपए कीमती एल्युमिनियम की सिल्ली लोड कर गुजरात भेजा गया था लेकिन उक्त एल्युमिनियम सिल्ली गुजरात पहुंचने के बजाय दिल्ली पहुंच गई थी और उसे खपाने की तैयारी थी लेकिन पुलिस की टीम हरकत में आई और पुलिस ने देश की राजधानी दिल्ली से 2 ट्रकों में लोड 2 करोड़ 60 लाख रुपए के एल्युमिनियम की सिल्ली से लदे ट्रक को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

**खास बात**

- हरियाणा में खपाने की थी तैयारी, बालको पुलिस की टीम ने दिल्ली में मारा छापा

उल्लेखनीय है कि बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत बालको प्लांट से 21 और 23 अप्रैल को दो ट्रक क्रमांक जीजे 12 बीएक्स 9094 एवं जीजे 17 एक्सएक्स 0542 में बालको से 1 करोड़ 80 लाख रूपये की कीमती एल्युमिनियम शीलपट्टियों को सिलवासा गुजरात के लिए रवाना किया गया था जो वहां नहीं पहुंचा तो ट्रक मालिकों द्वारा मामले की छानबीन की गई। कई दिनों तक पता नहीं चलने पर इस मामले की शिकायत बालको थाने में दर्ज कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत द्वारा धारा 406 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने इस गिरोह के पर्दाफाश के लिए बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस के अधिकारियों को मुखबीर से सूचना मिली कि गुजरात के लिए रवाना हुई दोनों ट्रक गुजरात ना जाकर दिल्ली की ओर रवाना हुई है। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत अपनी टीम के साथ दिल्ली जा पहुंचे और उक्त ट्रकों के माल को दूसरे ट्रक आरजे 52 जीए 9662 एवं ट्रक क्र. एचआर 38 एसी 8899 में पल्टी कर खपाने के लिए दिल्ली में ले जाने पर दिल्ली से उक्त दोनों ट्रकों को बरामद कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में ग्राम रानीका थाना व जिला नुहु (हरियाणा) निवासी नासीर पिता रफीक उम्र 23 वर्ष के कब्जे से बरामद किया गया। बरामद समान एवं आरोपी को वापस कोरबा लाया गया जिसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है एवं अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।



जब्त ट्रक व पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### पुलिस कप्तान लगातार ले रहे थे अपडेट

बालको से गुजरात के लिए निकली ट्रक जिसमें 2 करोड़ से अधिक का एल्युमिनियम सिल्ली चोरी की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले को गंभीरता से लिया और चोरों की धरपकड़ के लिए बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत और उनकी टीम को निर्देशित किया था। इस गिरोह की धरपकड़ और पर्दाफाश के लिए पुलिस अधीक्षक स्वयं बालको से गई टीम के साथ संपर्क बनाकर रखे हुए थे और हर गतिविधि की जानकारी ले रहे थे। पुलिस की टीम जैसे ही दिल्ली पहुंची, दिल्ली पुलिस के आला अधिकारियों से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा संपर्क किया गया और कोरबा पुलिस के साथ समन्वय कर ट्रकों को धरदबोचा गया। बताया जाता है कि उक्त ट्रकों को दिल्ली से हरियाणा भेजने की तैयारी थी और हरियाणा में एल्युमिनियम के सिल्ली को खपाए जाने की तैयारी हो चुकी थी लेकिन पुलिस की तत्परता काम आई और पुलिस ने उक्त ट्रकों को दिल्ली में ही धरदबोचा। पुलिस सूत्र बताते हैं कि पुलिस इस मामले में कुछ अन्य ट्रको को भी जप्त कर सकती है।

### अंतराज्यीय गिरोह का हो सकता है हाथ

बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि बालको संयंत्र से चोरी गई एल्युमिनियम की सिल्ली को पुलिस ने बरामद कर लिया है। फिलहाल कुछ आरोपियों को पकड़ा गया है। पुलिस की टीम मामले की जहां छानबीन में जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच के दौरान इस चोरी के मामले में अंतरराज्यीय गिरोह का हाथ हो सकता है। पुलिस इस पूरे मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। इस गिरोह में शामिल लोगों की धरपकड़ की जाएगी। इसके बाद एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हो सकता है। जिस तरह से दो ट्रकों में सिल्ली भर कर दिल्ली पहुंचाई गई थी इससे साफ है कि इसमें और भी लोग शामिल हैं। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है।

## एटीएम से चोरी करने का प्रयास, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ी उपरोड़ा के कोनकोना स्थित आईडीबीआई बैंक में लगे एटीएम मशीन से बीती रात्रि चोरी करने का प्रयास किया गया है, हालांकि आरोपी को इस कार्य मे सफलता नही मिल पाई,एटीएम मशीन में करीब 2 लाख रुपये थे,चोर बैंक की दीवार में सेंध मारकर एटीएम मशीन के पास पहुंचा था और इसने एटीएम मशीन को किसी औजार से तोड़ने का भरपूर प्रयास किया लेकिन चोर मशीन को तोड़ने में कामयाब नही हो पाया और थक हारकर बिना चोरी किये भाग गया,जानकारी अनुसार बैंक में लगे कैमरे में चोर देखा गया है जो करीब 4:45 बजे तक एटीएम मशीन के पास मौजूद था,बैंक मैनेजर सुमित केरकेट्टा ने घटना की जानकारी थाना बांगो में दी है जहां पुलिस मामला पंजीबद्घ कर विवेचना में जुट गई है।

## प्लांट में चोरी करने वाले गिरोह के 8 सदस्य गिरफ्तार

**कोरबा।** सीएसईबी पावर प्लांट में स्क्रेप की चोरी करने वाले गिरोह के 8 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी के स्क्रेप बरामद किया गया है। दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी पॉवर प्लांट में सुरक्षा निरीक्षक के पद पर पदस्थ रामाश्रय ध्रुव पिता बी०आर० ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 मई की सुबह रामाश्रय स्क्रेप यार्ड में रखे समान की जांच कर रहा था तो यार्ड में लोहे के स्क्रैप के कुछ सामान नहीं दिखाई दिये। जिस पर मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर ममले की छानबीन शुरु की गई। थाना प्रभारी दर्री विनोद सिह के नेतृत्व में दर्री पुलिस टीम त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपीयों एवं मशरूका की पता तलास एवं धरपकड़ का प्रयास किया जा रहा था। इस बीच मुखबीर से सूचना मिली कि कल्मीडुग्गू निवासी शंकर वर्मा उम्र 28 वर्ष पिता श्याम सुदर वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने घटना को करना स्वीकार किया ।

# दंतैल हाथी ने एक घंटे तक रोकी हाईवे की रफ्तार


एनएच में सड़क किनारे खड़ा दंतैल हाथी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में हाथियों का झुंड लंबे समय से डेरा डाला हुआ है और हाथी अब हाईवे को ही अपना स्थाई ठिकाना बना चुके हैं और अक्सर हाथी इस हाइवे को पार कर जंगल के इधर-उधर जाते हैं। बताया जाता है कि एक दंतैल हाथी आज हाईवे पर आ धमका था। जिसकी वजह से हाईवे की रफ्तार लगभग 1 घंटे तक रुकी हुई थी। जब वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो किसी तरह घंटों मशक्कत के बाद उसे जंगल में खदेड़ा गया जिसके बाद हाईवे की रफ्तार को पुनः बहाल किया गया। मामला कटघोरा वनमंडल के केंदई वन परिक्षेत्र की है। बताया जाता है कि एक दंतैल हाथी ग्राम कापानवापारा के पास आ धमका था और सड़क के किनारे ही विचरण कर रहा था। जिसकी वजह से कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग में आना-जाना करने वाले लोगों ने अपनी रफ्तार रोक रखी थी। जब कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने तत्काल के केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे को टीम के साथ मौके पर भेजा और घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह दंतैल हाथी को सायरन बजाकर जंगल की ओर खदेड़ा गया इसके उपरांत पुनः कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग को बहाल किया जा सका।

**खास बात**

- केंदई वन परिक्षेत्र की कापानवापारा के समीप डाला हुआ था डेरा

## सट्टा खेलाने वाला एक आरोपी गिरफ्तार


आरोपी ।

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने जिले के सभी थाना व चौकी पुलिस को अवैध कारोबार शराब, गांजा,एवं जुआ, सट्टा पर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। पुलिस टीम द्वारा लगातार सट्टा खेलने वालों पर कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कड़ी में सायबर सेल कोरबा एवं चौकी सीएसईबी को सूचना मिला कि एक व्यक्ति बुधवारी बाजार कोरबा में लोगों से रुपये पैसों लेकर दांव लगवाकर सट्टा-पट्टी लिखकर सट्टा खेला रहा है। इस सूचना पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर दल बल सहित मुखबीर के बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दिया गया। जो बुधवारी बाजार में एक संदिग्ध व्यक्ति सट्टा-पट्टी लिखते पकड़ा गया जिससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सांई मंदिर के पास रामसागर पारा कोरबा निवासी महेन्द्र गंगवानी उम्र 43 साल पिता स्व० मुरलीधर गंगवानी बताया। आरोपियों के कब्जे से 2 नग कागज जिसमें सट्टा का अंक लिखा हुआ है एवं एक काले रंग का पेन एवं नगदी रकम 780 रुपए बरामद किया गया है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने जुआ/सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की है।







16- May Janj -bhoomi pg 3_Layout 1 5/16/2024 10:02 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना के संबंध में प्रशिक्षण 26 को

**अम्बिकापुर**। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के अनुसार मतगणना के संबंध में 26 मई को प्रातः 10 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण आयोजित है, राज्य स्तर से अधिकारियों की मतगणना कार्य के प्रशिक्षण हेतु ड्यूटी लगाई गई है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतगणना प्रशिक्षण में सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी, नोडल प्रशिक्षण, डाक मत पत्र, ईवीएम, सुरक्षा व्यवस्था मतदान सामग्री व्यवस्था शामिल होंगे। उन्होंने सर्व संबंधितों को समय पर प्रशिक्षण में शामिल होने कहा गया है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु परीक्षा 18 को

**बलरामपुर**। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि शिक्षण सत्र 2024-25 में जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 18 मई को प्रातः 10 से 12 बजे तक चयन परीक्षा आयोजित किया जाना है। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु अधिकारी-कर्मचारी को दायित्व सौंपे गये हैं। परीक्षा के लिए 8 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें कुल 1657 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्र बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजगंज में 255, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी में 173, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी में 183, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरगढ़ में 200, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर में 306, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भेलवाडीह में 212, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वाड्रफनगर में 150, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वाड्रफनगर में 178 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में अपने साथ आधार कार्ड, विद्यालय द्वारा जारी किया गया फोटो युक्त परिचय पत्र लाना अनिवार्य होगा।

### जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 20 से

**बलरामपुर**। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश एवं कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 मई से 9 जून तक किया जायेगा। प्रशिक्षण शिविर में एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, खेल सम्मिलित है। 21 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 8 से 17 वर्ष तक आयु वर्ग के सब जूनियर व जूनियर वर्ग के बालक व बालिका भाग ले सकते हैं। यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 6 से 8 एवं सायं 4.30 से 6.30 बजे तक निःशुल्क आयोजित की जायेगी। व्हालीबॉल एवं बैडमिंटन खेल प्रशिक्षण फॉरेस्ट कॉलोनी पुलिस लाईन रोड कोर्ट में दिया जाएगा तथा एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी एवं खो-खो खेल का प्रशिक्षण हाई स्कूल के खेल मैदान मे दिया जाएगा। प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खेल विधाओं के प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

### मास्टर प्लान के निर्देशों की हो रही खुली अवहेलना

# शहर में अतिक्रमण की बाढ़, बेखौफ होकर लोग शासकीय भू-खण्डों पर बना रहे मकान


नोटिस के पूर्व की स्थिति।


नोटिस के बाद की स्थिति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में शासकीय भूमि पर कब्जा जमाने के मामलों की बाढ़ आ गई है तथा अवैध अतिक्रमण को लेकर अराजक स्थिति निर्मित हो गई है। ननि अमला अतिक्रमण रोकने के नाम पर सिर्फ नोटिस देने तक सिमट गया है। इसके पूर्व शहर में कभी ऐसी स्थिति नहीं बनी थी। पिछले 6 महीनों से संभाग मुख्यालय में अवैध अतिक्रमण की बाढ़ आ गई है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं दबंगों की शह पर लोग रातोंरात शासकीय भूखण्डों पर अवैध निर्माण कर हथिया रहे हैं। अतिक्रमणकारी लोगों के दरवाजे के सामने की जमीन एवं सड़क तक को कब्जा कर घर बना ले रहे हैं। बेखौफ चल रहे अतिक्रमण की लगातार शिकायतें भी हो रही हैं लेकिन ननि प्रशासन अतिक्रमणकारियों को बार-बार नोटिस थमाकर अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर ले रहा है। अवैध अतिक्रमण एवं शहर विकास के लिए निर्धारित मापदण्डों का पालन कराने में ननि अपनी प्रासंगिता खोते जा रहा है। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि अतिक्रमण हटाने की कोशिश करने पर अतिक्रमणकारी ननि अमले की पिटाई भी कर रहे हैं। अतिक्रमणकारी ननि की सड़क एवं गलियों तक को नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि क्षेत्रवासी ननि को अतिक्रमण की शिकायत नहीं करते। शिकायतों पर कार्रवाई करने के बजाय ननि अमला अतिक्रमण कारियों को शिकायतकर्ताओं का नाम तक बता देता है तथा नोटिस थमाकर वापस लौट आता है। ननि की बैठकों में अवैध अतिक्रमण को लेकर हंगामा मचाने वाले जनप्रतिनिधि भी अब ऐसे मामलों को लेकर शांत हो गए हैं। शासकीय भूखण्डों पर धड़ल्ले से हो रहे अवैध अतिक्रमण के कारण प्रशासन को आबां भवन, पीडीएस दुकान सहित अन्य शासकीय निर्माण के लिए जगह नहीं मिल रही है न ही शहर विकास के लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों का ही पालन हो रहा है जो भविष्य में शहर के लिए काफी घातक साबित हो सकता है।

**खास बात**
- ननि की भवन शाखा हुआ अप्रासंगिक, नोटिस देकर की जा रही खानापूर्ति

**भविष्य के लिए घातक**

अवैध अतिक्रमण बढ़ने के पीछे हम जनप्रतिनिधियों का भी बड़ा दोष है। अपने आदमी के चक्कर में हम उसके पक्ष में खड़े होकर कार्रवाई को रोक देते हैं। इस प्रवृत्ति को बदलने की जरूरत है। अवैध अतिक्रमण भविष्य के लिए काफी घातक है। ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए।

डॉ.अजय तिर्की
महापौर, ननि

### नोटिस के बाद हो रही ढलाई

अतिक्रमणकारियों पर ननि की नोटिस का प्रभाव नहीं पड़ रहा है। ननि की नोटिस का जवाब देना तो दूर अतिक्रमणकारी नोटिस मिलने के बाद रातोंरात भवन की ढलाई कर दे रहे हैं। रेडियों स्टेशन के पास ननि की नोटिस पर मुख्य मार्ग के किनारे बेशकीमती शासकीय भूमि पर दीवार खड़ी करने के बाद अतिक्रमणकारी ने रातोंरात छत की ढलाई करा दी। बलरामपारा स्थित ननि की सड़क पर अवैध निर्माण की शिकायत के बाद ननि द्वारा नोटिस जारी करने पर अतिक्रमणकारी ने शेड तैयार कर लिया। अवैध अतिक्रमण से आग लगने की स्थिति में फायर बिग्रेड का पहुंचना तो दूर सायकिल, रिक्शा पहुंचने तक की जगह नहीं बची है।

# दिल्ली ट्रेन के बिश्रामपुर स्टेशन स्टॉपेज की लोगों की मांग अब तक अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लंबी प्रतीक्षा के बाद अंबिकापुर से दिल्ली सीधी ट्रेन सेवा सरगुजा सांसद व पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह के प्रयासों से आरम्भ हुई लेकिन बिश्रामपुर क्षेत्र के लोगों के लिए ट्रेन का लाभ लेने में मशक़्क़त करनी पड़ रही है। ग़ौरतलब है कि करीब दो वर्ष पूर्व 14 जुलाई 2022 को इस ट्रेन की शुरुआत स्पेशल ट्रेन के रूप में ट्रायल बेस में शुरू किया गया था।बाद में इसकी मांग बढ़ने व बेहतर प्रतिसाद मिलने से रेलवे ने इसी वर्ष विगत 6 फरवरी से इस ट्रेन को स्थाई नंबर 22407 व 22408 नंबर से नियमित परिचालन की व्यवस्था कर क्षेत्रवासियो को बड़ी राहत प्रदान की है।ट्रायल के दौरान पुरी ट्रेन में एसी कोच थे, बाद में यात्रियों के बीच इस ट्रेन की बढ़ी मांग व पिछड़े सरगुजा क्षेत्र की जनता को सुविधा देने के उद्देश्य से स्थाई नंबर के साथ इस ट्रेन में स्लीपर कोच की भी सुविधा उपलब्ध करा दी है जो संभागवसियो के लिए बड़ी राहत देने जैसी रेल प्रबंधन की पहल मानी गई। संभाग में अंबिकापुर के बाद सर्वाधिक राजस्व देने वाले बिश्रामपुर रेल्वे स्टेशन में इस ट्रेन के यहाँ स्टोपेज़ की माँग स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रारम्भ से ही की गई लेकिन आज पर्यंत मांग पुरी नहीं हो सकी है। बता दें कि एन एच 43 से बिश्रामपुर स्टेशन के नज़दीक होने के कारण जिला मुख्यालय सूरजपुर के यात्री भी यहाँ से ही ट्रेन पकड़ते है, इसके अतिरिक्त कोयला क्षेत्र का मुख्यालय होने से भी बिश्रामपुर भटगाँव क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी बिश्रामपुर स्टेशन से ही रेल सफर तय करते है। ऐसे में दिल्ली ट्रेन का स्टापेज़ बिश्रामपुर स्टेशन को अब तक नहीं देने से यहाँ से दिल्ली का सफर करने वाले यात्रीयों को अंबिकापुर जाना पड़ता है या फिर अनूपपुर से उत्कल अथवा सम्पर्क क्रांति सहित अन्य ट्रेनों से यात्रा करना उनकी मजबूरी बना हुआ है। ऐसे में लंबे समय के बाद अंबिकापुर दिल्ली ट्रेन की सुविधा उपलब्ध होने के बाद भी संभाग का मिनी भारत कहे जाने वाले बिश्रामपुर की जनता को इस ट्रेन का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है।स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने रेल प्रबंधन से अंबिकापुर दिल्ली ट्रेन के बिश्रामपुर स्टेशन में जल्द स्टॉपेज शुरू करने की मांग की है।

# नाबालिग छात्रा को भगाकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर**। नाबालिग छात्रा का अपहरण कर उससे दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार करने के साथ ही छात्रा को परिजन के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 9वीं में पढ़ने वाली छात्रा 25 मार्च को होली के दिन घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। ऐसे में परिजन द्वारा छात्रा के गुमशुदगी की शिकायत पुलिस से की गई थी। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी शैलेंद्र पांडेय एसडीओपी कुसमी एमानुएल लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस टीम नाबालिग छात्रा की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नाबालिग छात्रा को अंबिकापुर के गांधीनगर में देखा गया है। ऐसे में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर नाबालिग छात्रा को बरामद करने के साथ ही युवक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि शंकरगढ़ सरीमा निवासी 18 वर्षीय रोहित यादव आ. शिवनारायण यादव से छात्रा की पहचान राजपुर मेला के दौरान हुई थी और इस दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया। आरोपी युवक छात्रा को बहला फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया और उसके साथ अनाचार किया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को धारा 363, 366, 376 2 (ढ़) एवं पास्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

# वेतन भुगतान को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अधिकारियों की लापरवाही से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दरिमा अंतर्गत लगभग डेढ़ सौ कर्मचारियों का वेतन दो महीने से लंबित होने के कारण स्वास्थ्यकर्मी गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि माह फरवरी का वेतन इनकम टैक्स के रूप में कट जाता है वहीं मार्च एवं अप्रैल माह का वेतन आहरण एवं संवितरण प्राधिकार पत्र जारी नहीं होने के कारण रूका है जबकि मई माह का वेतन जारी करने का समय आ गया है। वेतन के अभाव में कर्मचारी अपने होमलोन, वाहन लोन व पर्सनल लोन के भुगतान सहित अन्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। आहरण एवं संवितरण प्राधिकार पत्र के अभाव में मेडिकल बिल, यात्रा भत्ता बिल, जीपीएफ एवं पार्ट फाइनल, सातवाँ वेतन का एरियर्स भुगतान भी लंबित है। परेशान स्वास्थ्यकर्मियों ने इस संबंध में आपातकालीन बैठक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फुंदुरडिहारी में की। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय संगठन से लेकर ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए। उपस्थित कर्मचारियों ने वेतन नहीं मिलने सहित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को एक साल से कार्य आधारित वेतन, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में कर्मचारियों को सालभर से ग्रुप इंसेंटिव तथा पल्स पोलियों कार्यक्रम, मच्छरदानी वितरण, टीबी एवं कुष्ठ सर्वे, आयुष्मान कार्ड निर्माण, कोविड वैक्सीनेशन, सिकलिंग जाँच, आयुष्मान योजना, नेत्र ज्योति योजना का इंसेंटिव नहीं मिलने पर नाराजगी जताई एवं एक सप्ताह के भीतर वेतन, भत्ते एवं इंसेंटिव नहीं मिलने पर 25 मई से काम बंद कलमबंद हड़ताल करने का प्रस्ताव पारित किया। इस दौरान प्रांतीय महामंत्री अनिल कुमार पाण्डेय, धनेश प्रताप सिंह, हेमंत कुमार मरावी, किरण सोनी, ऋषिकेश कुशवाहा, तूफान अली, अजय सिंह, अभिषेक एक्का, प्रेम प्रकाश कुशवाहा, मिथलेश यादव, सुरेश राजवाड़े, बालकृष्ण पैकरा, सोनल गुप्ता, दुलारी शर्मा आदि उपस्थित थे।

- पारित किया हड़ताल करने का प्रस्ताव


विरोध प्रदर्शन करते स्वास्थ्यकर्मी।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार



**अंबिकापुर**। चाइल्ड पोर्नोग्राफी व महिलाओं के अश्लील फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने वालों के खिलाफ सरगुजा में कार्रवाई का सिलसिला जारी है। एक बार फिर से पुलिस ने तीन थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल पांच लोगों को चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल फोन व सिमकार्ड बरामद किया है। बता दें कि सरगुजा पुलिस द्वारा चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ जिलेभर में विशेष अभियान चलाया गया है और नाबालिग बच्चों, महिलाओं के अश्लील फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिले की सीतापुर पुलिस द्वारा आमाटोली हाल मुकाम पेटला अमेरापारा निवासी 33 वर्षीय अविनाश कुमार सोनवानी, जुनापारा कोट निवासी 35 वर्षीय धनप्यारी को गिरफ्तार किया है। उदयपुर पुलिस द्वारा परसा बाजारपारा निवासी 26 वर्षीय राहुल सिंह व उदयपुर माझापारा निवासी 21 वर्षीय मयंक सिंह को पकड़ा है। इसी तरह थाना लखनपुर पुलिस द्वारा सिरकोतंगा निवासी 21 वर्षीय आतिश कुमार राजवाड़े को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 67, 67(क) आईटी एक्ट, 509(ख) पोक्सो एक्ट की धारा 13, 14 के तहत अलग अलग अपराध दर्ज किया गया है। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, सिमकार्ड जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर भारत लाल साहू, थाना प्रभारी उदयपुर कुमारी चंद्राकर, थाना प्रभारी लखनपुर मनोज प्रजापति, सउनि शिवचरण साहू, दिलीप दुबे, प्रधान आरक्षक रामबचन राम, आरक्षक पंकज देवांगन, देवेंद्र सिंह, दशरथ राजवाड़े, जानकी राजवाड़े, संजय एक्का, अभिषेक राठौर, मनोहर पैकरा धनकेश्वर यादव शामिल रहे।

- सीतापुर, लखनपुर व उदयपुर पुलिस ने की कार्रवाई, मोबाइल फोन जब्त

# तीन लोगों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित, एक किया गया निरस्त

**अम्बिकापुर**। लोकसभा चुनाव के दौरान शस्त्र जमा नहीं करने के मामले में कलेक्टर ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर ने तीन लोगों के शस्त्र लाइसेंस को निलंबित करने के साथ ही एक लाइसेंस को निरस्त कर दिया है। बता दें कि जिले में लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता के दौरान शस्त्रधारियों को आयुध अधिनियम 1959 की धारा 21 के तहत अपने आग्नेय शस्त्र सीमित समय के लिए नजदीकी थाने में जमा करने होते हैं। इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर एसपी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोस्कर द्वारा निरंतर शस्त्र निलंबन अथवा निरस्त किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शस्त्र रखने और जमा करने के नियमों का उल्लंघन करने वाले तीन लोगों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित और एक व्यक्ति का शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि एसपी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार सोनपुरकला निवासी राजेश कुमार वर्मा, देवीगंज रोड निवासी मयंक सिंह और सीतापुर निवासी रामजी प्रसाद द्वारा इस नियम का उल्लंघन कर निर्धारित समय में शस्त्र नजदीकी थाने में जमा नहीं कराया गया है जिसपर एसपी द्वारा उनके शस्त्र लाइसेंस को नवीनीकरण नहीं किए जाने की अनुशंसा की गई। शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्तों का उल्लंघन करने पर आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) में उल्लेखित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से उक्त तीनों का लाइसेंस आगामी आदेश पर्यंत निलंबित किया गया है। इसी प्रकार मूलतः बलरामपुर पीपरसोत हाल मुकाम प्रतापपुर रोड निवासी धर्मवीर सिंह उर्फ छोटन सिंह के खिलाफ विभिन्न थानों में प्रकरण दर्ज होने के कारण एसपी द्वारा लाइसेंस निरस्तीकरण की अनुशंसा की गई थी। धर्मवीर सिंह द्वारा नोटिस का समाधानकारक उत्तर नहीं देने पर प्रथम दृष्टया शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन किया जाना पाया गया। इस कारण धर्मवीर सिंह के शस्त्र अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

# झुग्गी बस्ती में स्थायी बिजली कनेक्शन को लेकर जनप्रतिनिधियों ने सहायक अभियंता से की मुलाकात



**बिश्रामपुर**। वर्षों से काबिज झुग्गी बस्ती में विद्युत विस्तार को लेकर बुधवार को नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने बिश्रामपुर विभागीय कार्यालय में सहायक अभियंता से मुलाकात कर मामला सुलझाने हेतु चर्चा की है। चर्चा उपरांत अधिकारी द्वारा सकारात्मक पहल किए जाने का भरोसा दिया गया है। स्थायी बिजली कनेक्शन की मांग को लेकर लंबे अरसे से वार्डवासी जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12, 13 व 15 के निवासी वर्षों से झुग्गी झोपड़ी में निवास करते हुए अपना जीवनयापन कर रहे हैं। वर्षों बाद भी स्थायी बिजली आपूर्ति की सुविधा ना मिल पाने से वार्ड वासियों को भारी दिक़्क़तों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर बिजली विभाग द्वारा एसईसीएल का लीज़ एरिया होने का हवाला देते हुए विद्युत विस्तार का कार्य नहीं किया गया है जबकि एसईसीएल के अन्य क्षेत्रों क्रमशः जयनगर फोकटपारा, सतपता, गोरखनाथपुर, गांगीकोट, गोविंदपुर, जैसे अन्य कई पंचायतों में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था कर दी गई है। बताया गया कि नगर पंचायत बिश्रामपुर स्थित कुछ वार्डों में लोग मजबूरन एसईसीएल के विद्युत लाइन से अवैध कनेक्शन लेकर जीवनयापन करने विवश हैं। उक्त मामले में पूर्व कलेक्टर इफ्फत आरा द्वारा एसईसीएल प्रबंधन से नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 12, 13 व 15 में विद्युत विस्तार कराए जाने के संबंध में उनका अभिमत मांगा गया था लेकिन आज तक एसईसीएल प्रबंधन द्वारा अपना अभिमत नहीं दिया गया, जिससे मामला अटका हुआ है। वार्डवासियों को स्थायी बिजली आपूर्ति वर्षों बाद भी नहीं मिल पाने से लोगों में नाराजगी व्याप्त है। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12,13 व 15 में विद्युत विस्तार को लेकर कई बार क्षेत्रवासियों द्वारा विभागीय अधिकारियों से संपर्क करके व्यवस्था सुदृढ़ कराए जाने की मांग की जा चुकी है। इसी तारतम्य में आज तक प्रभावित लोगों को बिजली आपूर्ति नहीं होने पर बुधवार को भाजपा के प्रतिनिधि मंडल से वरिष्ठ भाजपा नेता इंजी. विनय सिंह, दीपेंद्र सिंह चौहान, सुबोध सिंह, पार्षद पति धर्मेंद्र सिंह, राजेंद्र पासवान, रविंद्र सिंह ने बिश्रामपुर कार्यालय में पहुंचकर सहायक अभियंता प्रतीक बारा से चर्चा कर जल्द स्थायी विद्युत विस्तार किए जाने की माँग की जिस पर सहायक अभियंता ने मामले में उचित पहल करने का आश्वासन दिया है।

## शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर एसडीएम को ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत रविंद्रनगर के शासकीय भूमि पर सोनवाही पंचायत के लोगों द्वारा अवैध रूप से घर निर्माण कराए जाने पर मामले की शिकायत सुरजपुर एसडीएम से की गई है। सूरजपुर एसडीएम को दिए ज्ञापन में ग्राम पंचायत रविंद्रनगर के ग्रामीणों द्वारा उल्लेख किया गया है कि राजस्व न्यायालय में भूमि सीमा विवाद के प्रकरण लम्बित होने के बावजूद नियम विरुद्ध तरीक़े से अतिक्रमण किया जा रहा है। ग्राम पंचायत रविंद्रनगर के आधिपत्य की भूमि पर अवैध रूप से सोनवाही पंचायत के एक व्यक्ति द्वारा निवास करके अवैध रूप से मकान निर्माण कार्य कराया जा रहा है जबकि उक्त भूमि पर अवैध कब्जा को लेकर न्यायालय में प्रकरण वर्तमान में चल रहा है। बताया गया कि उक्त राजस्व प्रकरण का अब तक निराकरण नहीं हुआ है। उक्त मामले में सूरजपुर एसडीएम जगन्नाथ वर्मा द्वारा ज्ञापन मिलते ही उक्त अवैध निर्माण पर तत्काल रोक लगाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। साथ ही प्रकरण के निराकरण तक किसी तरह का निर्माण नहीं करने की बात कही गई है।इसके अलावा दोनों पक्ष को गांव का नक्शा भी प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है।

## मिस, मिस्टर व मिसेज सेन्ट्रल इंडिया के लिए किया गया ऑडिशन

**अंबिकापुर**। फैशन मॉडलिंग के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा निखारने वाले युवाओं के लिए शहर में ऑडिशन का आयोजन किया गया। मिस, मिस्टर व मिसेज सेन्ट्रल इंडिया सीजन 2 के ऑडिशन में खासा उत्साह देखने को मिला।

## बाइक सहित सड़क किनारे गिरा युवक, मौत

**अम्बिकापुर**। बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरने से गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पटना थाना अंतर्गत ग्राम कटकोना निवासी भुवनेश्वर आ. भगलू (28 वर्ष) मंगलवार को बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया।

जाँजगीर मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
नि:संतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

न्यायालय तहसीलदार पामगढ़
जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)
// नोटिस सूचना पत्र //
क्रमांक/753/ वाचक / तह / 2024
पामगढ़ दिनांक 15/05/24

प्रति, जोतराम पिता चंदराम जाति सूर्यवंशी साकिन बारगांव तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

विषय :-न्यायालय में उपस्थित होने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि न्यायालय तहसीलदार पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) के रा.प्र. क्रमांक 202402063100062/अ-27 /2023-24 में आवेदकगण रूखमणी पिता चंदराम वगै. जाति सूर्यवंशी साकिन बारगांव तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम बारगांव तहसील पामगढ़ स्थित भूमि कुल ख.नं. 06 कुल रकबा 1.299 हे. भूमि के आवेदकगण एवं जोतराम पिता चंदराम जाति सूर्यवंशी साकिन बारगांव के बीच खात विभाजन कराना चाहते है।

उक्त संबंध में इस न्यायालय में दिनांक 07/06/24 को सुनवाई नियत है। इस हेतु आपको सुचित किया जाता है कि उक्त दिवस को न्यायालय तहसीलदार पामगढ़ में सुबह 10.00 बजे उपस्थित होवें। उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूध्द एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

तहसीलदार पामगढ़
जिला जांजगीर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पामगढ़
जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)
// नोटिस सूचना पत्र //
क्रमांक/751/ वाचक / तह / 2024
पामगढ़ दिनांक 15/05/24

प्रति, जोतराम पिता चंदराम जाति सूर्यवंशी साकिन बारगांव तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

विषय :-न्यायालय में उपस्थित होने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि न्यायालय तहसीलदार पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) के रा.प्र. क्रमांक 202402063100059/अ-27 /2023-24 में आवेदकगण रूखमणी पिता चंदराम वगै. जाति सूर्यवंशी साकिन बारगांव तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम बारगांव तहसील पामगढ़ स्थित भूमि कुल ख.नं. 07 कुल रकबा 1.469 हे. भूमि के आवेदकगण एवं जोतराम पिता चंदराम जाति सूर्यवंशी साकिन बारगांव के बीच खात विभाजन कराना चाहते है।

उक्त संबंध में इस न्यायालय में दिनांक 07/06/24 को सुनवाई नियत है। इस हेतु आपको सुचित किया जाता है कि उक्त दिवस को न्यायालय तहसीलदार पामगढ़ में सुबह 10.00 बजे उपस्थित होवें। उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूध्द एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

तहसीलदार पामगढ़
जिला जांजगीर (छ.ग.)

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

## खबर संक्षेप

### दसवीं बोर्ड परीक्षा में याशना ने अर्जित किया 92 प्रतिशत अंक



**बिर्रा ।** शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बिर्रा की छात्रा कुमारी याशना मनहर ने कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में 92.16% अंक हासिल कर अपने माता पिता ,प्राचार्य एफ एल साहु एवं गुरुजनों स्कूल एवं अपने ग्राम देवरानी (बिर्रा) का नाम रोशन किया। कुमारी याशना मनहर ग्राम देवरानी के कृषक परिवार से है। इनके पिता के नाम मनोज मनहर एवं माता लक्ष्मीन मनहर हैं। याशना के पिता पढ़ाई ही नही किए हैं एवं इनकी मां सिर्फ 7 वी कक्षा तक की पढ़ाई की है। कुमारी याशना मनहर शुरू से ही मेधावी छात्रा है। उनकी सफलता पर विजय मनहर, रितेश, हिमेश, परमेश्वर, संजय संतकुमार मनहर एवं देवरानी के समस्त ग्रामसियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं ।

### निर्वाचन कार्य के लिए अधिग्रहित वाहनो के दस्तावेज तीन दिवस के भीतर कराए जमा

**सक्ती।** विधानसभा निर्वाचन-2023 में भुगतान हेतु शेष एवं लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदान दल एवं अन्य निर्वाचन कार्य के लिए अधिग्रहण किये गये वाहनों का भुगतान किया जाना है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वाहन मालिक अपने वाहनों के आर.सी.बुक की छायाप्रति, बैंक पास बुक की छायाप्रति, वाहन मुक्ति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति 3 दिवस के भीतर जिला निर्वाचन कार्यालय सक्ती में जमा करें ताकि भुगतान की अग्रिम कार्यवाही किया जा सके। उक्त वांछित दस्तावेज जमा करना आवश्यक है तथा निर्धारित समयावधि में जमा नहीं किये जाने की स्थिति में संबंधित वाहन मालिक स्वयं जिम्मेदार रहेंगें।

### सीबीएसई 12वीं बोर्ड में अश्लेषा दुबे को मिले 88 प्रतिशत अंक



**देवरी-सारागांव।** निकटवर्ती ग्राम भंवरेली के प्रतिष्ठित शिक्षक जगदीश दुबे की सुपुत्री अश्लेषा दुबे ने राष्ट्रीय माध्यमिक बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वीं द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में 88% अंक अर्जित कर विद्यालय के विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त कर गांव को गौरवान्वित की है। छात्रा अश्लेषा अफरीद विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता अंजू लता दुबे की पुत्री एवं सरस्वती शिशु मंदिर देवरी के प्रधानाचार्य अनूप शर्मा के भांन्जी है। वे चांपा के हसदेव पब्लिक स्कूल की छात्रा है। अश्लेषा शुरु से ही मेघावी छात्रा रही है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

### सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में आकांक्षा ने प्राप्त किया 91 प्रतिशत अंक



**जांजगीर-चांपा।** सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम कमरीद निवासी आकांक्षा महंत पिता टंकेश कुमार महंत माता श्रीमती पुष्पलता महंत ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। आकांक्षा चांपा स्थित हसदेव पब्लिक स्कूल में पढ़ाई लिखाई करती हैं। शुरू से ही मेघावी विद्यार्थी रही आकांक्षा पांचवी एवं आठवीं बोर्ड की परीक्षा में भी प्रथम स्थान रहा है। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में प्रथम आने का श्रेय अपने माता-पिता एवं स्कूल प्रबंधन को दिया है उनकी इस उपलब्धि पर लोगों में हर्ष है। वे आगे चलकर आईएएस अफसर बनना चाहती हैं।

### शोधार्थी पार्वती खरे को मिली पीएचडी की उपाधि



**जांजगीर-चाम्पा।** उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान की शोधार्थी श्रीमती पार्वती खरे को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। श्रीमती पार्वती खरे नगर पालिक परिषद जांजगीर-नैला के लेखा शाखा में पदस्थ ज्ञानेंद्र कुर्रे की धर्म पत्नी हैं। श्रीमती खरे शिक्षाशास्त्र में अपना शोध कार्य डॉ. बी.व्ही. रमणा राव के मार्गदर्शन में उच्चतर माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों के आध्यात्मिक बुद्धि का उनके आत्मविश्वास एवं शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन विषय मे पूर्ण कर डॉक्टर ऑफ फिलोशॉफी, पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है।

## कलेक्टर ने ली राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए वार्षिक कार्ययोजना सह समीक्षा बैठक

# मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने सभी उपकरण सुचारु रुप से हों संचालितः छिकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर आकाश छिकारा।

वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए वार्षिक कार्ययोजना सह समीक्षा बैठक कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, आमजनों तक सेवाओं की पहुंच, स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति, चिकित्सकों की उपलब्धता, चिकित्सकीय उपकरणों, दवाइयों की उपलब्धता सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों में लगाए गए विभिन्न उपकरणों की जानकारी तथा सभी उपकरणों को सुचारू रूप से संचालित करने कहा जिससे मरीज को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी अपने निर्धारित मुख्यालय में निवास करें, जिससे समय पर स्वास्थ्य केंद्रों में आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले। कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव को बढ़ाने एवं शत प्रतिशत प्रसव केंद्रों में कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाएं एवं हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने जिले में प्रत्येक माह के 9 व 24 तारीख को हाई रिस्क गर्भवती माताओं के चिन्हांकित सोनोग्राफी सेंटर में निःशुल्क सोनोग्राफी किये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री छिकारा ने सभी बीएमओ को अपने ब्लॉक में स्वास्थ्य व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी और बीपीएम को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर जानकारी भेजने हेतु निर्देशित किये। बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण करते हुए युविन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से एंट्री करने एवं जन्म लेने वाले बच्चों का आरसीएच पोर्टल पर एंट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाने स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती स्वाति वंदना सिसोदिया, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता यादव, सिविल सर्जन अनिल जगत, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित



कलेक्टर आकाश छिकारा ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले डॉक्टर सहित अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने सेक्टर पामगढ़ के संजय सिंह, संध्या मेश्राम, सेक्टर नवागढ़ के नमिता चंद, गजपति लाल साहू एवं चिरायु टीम नवागढ़ के आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर डॉ. लोकराज लहरे को सम्मानित किया।

# उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसमंदा

सारागांव सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में अघोषित रूप से हो रही बिजली कटौती से क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ है। शादी के इस सीजन में बिजली कब आयेगी इसका कोई भरोसा नही और नही ही कोई जानकारी देने वाला है। विद्युत उप संभाग से लोगो को काफी उम्मीदें थी लेकिन जब से विद्युत उप संभाग के दर्जा मिला है कटौती बढ़ गई है। इस उमस भरी गर्मी में भरी दोपहर हो या मध्य रात्रिबिजली कटौती से परेशान है। उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है,जबकि प्रत्येक माह उनके द्वारा समय पर बिजली बिल जमा किया जा रहा है। एक ओर लोग गर्मी से परेशान हैं, वहीं बिजली की आंख मिचौली से कूलर पंखे शो पीस साबित हो रहे है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही विभाग से सुचारु रुप से व्यवस्था बनाने की मांग की है।

■ कूलर, पंखे साबित हो रहे शो पीस

**आधी रात को बंद, सुबह अपने आप चार्ज**-पिछले 15 दिनों से अधिकतर ऑपरेटर द्वारा आधी रात को बिजली बंद कर दी जाती है। सुबह बिना समस्या का समाधान किये चार्ज हो जाता है। ऐसा कइयों गांवो के फीडर में देखने को मिल रहा है। जब भी कारण की जानकारी लेने पर ऑपरेटर द्वारा ही खराब मौसम में ऐसा होता है करके जवाब दिया जाता है, जबकि अधिकारी को लोगों को होने वाली परेशानी से कोई सरोकार नहीं है।

**सारागांव सब स्टेशन केवल ऑपरेटर के भरोसे**- सारागांव सब स्टेशन के अंतर्गत आने वालों गांवों के लिये विद्युत जानकारी हेतु सारागांव विद्युत जानकारी करके वाट्सअप ग्रुप बनाया गया हैं जिसमे केवल आपरेटर द्वारा ही अपडेट होता रहता है। अधिकारियों को इससे कोई लेना देना नही है।

## बोर्ड परीक्षा में विनय विवेक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**पामगढ़।** विद्या विनय विवेक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेऊ के विद्यार्थियों का छ ग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। विद्यार्थियों ने विद्यालय, माता पिता सहित अपने गांव का नाम रोशन किया है । बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और माता पिता को दिया है। संस्था के संचालक आनंद पाण्डेय ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के आगामी कक्षाओं में विद्यालयीन शुल्क पूर्णतः निःशुल्क करने की घोषणा की है तथा सभी सफल विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## दीर्घायु मतदाताओं का शाल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

वरिष्ठ नागरिक मंच एवं योग मित्र मंडल के द्वारा संयुक्त रूप से दीर्घायु मतदाताओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन कुंवर भुवन भास्कर सिंह शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला स्थित वरिष्ठ नागरिक मंच कार्यालय परिसर में किया गया।

■ वरिष्ठ नागरिक मंच एवं योग मित्र मंडल ने किया कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष रमेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है लोक तंत्र के इस महापर्व में सहभागिता लेकर लोकतंत्र को मजबूत करना देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। नगर एवं क्षेत्र के 75 वर्ष से अधिक उम्र के दीर्घायु मतदाताओं के द्वारा लोकसभा निर्वाचन में सक्रिय भागीदारी निभाकर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करना स्वागत योग्य है ऐसे मतदाताओं का सम्मान करना हमारा भी कर्तव्य है। कार्यक्रम को लव सिंह चंदेल एवं सुशील जैन ने भी संबोधित किया।दीर्घायु मतदाता सम्मान समारोह मेंरामभरोस कैवर्त, डा जी पी दीक्षित, भाऊ लाल जायसवाल, राजकुमार गुप्ता जी, लव कुमार सिंह चंदेल, महेत्तर केवट, बंशीलाल कटकवार, पुनीतराम श्रीवास, बलवंत सिंह गांधी, दिलहरण सिंह, सुरेश जैन, चन्द्रमोहन सब्बरवाल, देवेंद्र जैन, विजय जैन, गोरे महराज, ठाकुर राम देवांगन, रमेश सोनी, संतोष अग्रवाल, सुशील जैन, बजरंग लाल जायसवाल, रम्हैलाल श्रीवास, घनश्याम राजवाड़े, महेश बनाकर, रामाधीन यादव, गणेश नामदेव, दिल्लू सिंह, अवधेश सिंह, गोपाल जायसवाल, जयकुमार अग्रवाल, गजेंद्र नाथ सोनी, वीरेंद्र जैन, दरस राम यादव, फिरन सिंह सहित बड़ी संख्या में दीर्घायु मतदाताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान मई माह में जन्मतिथि वाले आर सी मिश्र , रमेन्द्र सिंह चौहान, घनश्याम राजवाड़े व 80 वर्ष पूर्ण करने वाले कृष्ण कुमार चौहान का भी शाल व श्री फल से सम्मानित किया गया।




दीर्घायु मतदाताओं का सम्मान करते अतिथि।

## सीसी सड़क नहीं बनने के कारण हो रही परेशानी

**गोधना।** आदर्श ग्राम कुकदा के स्कूल पारा में ग्राम गोधना एवं सलखन के पहुंच मार्ग के बीच 500 मीटर बाईपास रोड का सीसी कारण नहीं हो पाया है जिसके कारण लोग धूल भरी सड़क में यात्रा करते हैं वहीं बरसात के दिनों में यह रास्ता गड्ढे युक्त होने के कारण उसमें पानी भरा रहता है जिसमें यात्रियों को स्लिप खाकर गिरने की घटनाएं आती रहती हैं। प्रशासन भी इस पर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया है वहीं ग्रामीण सतीश कश्यप ने बताया कि यह रास्ता बन जाता है तो राहगिरो को एवं ग्रामीणों को आवागमन करने में सहूलियत होगा।



## राज्य स्तरीय हैमरबॉल सेमिनार एवं सलेक्शन टूर्नामेंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राज्य स्तरीय हैमरबॉल सेमिनार एवं सलेक्शन टूर्नामेंट का दो दिवसीय आयोजन हाई स्कूल मैदान जांजगीर में एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 11 से 12 मई तक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुंगेली, महासमुंद, बिलासपुर, रायपुर, राजनांदगांव, मानपुर मोहला, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर चाम्पा जिलों से लगभग 100 महिला, पुरूष हैमरबॉल खिलाड़ियों ने खेल की बारीकियों को सीखा एवं आगामी 9 से 12 जून तक जगन्नाथपुरी ओड़िसा में होने वाली नेशनल हैमरबॉल चेम्पियनशिप के लिए ट्रायल दिए। कार्यक्रम के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्यातिथि अमर सुलतानियां (उपाध्यक्ष जिला भाजपा) अध्यक्षता जितेन्द्र तिवारी सचिव जिला ओलम्पिक संघ विशिष्ट अतिथि एस एस बघेल सहायक अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग,वरुण पाण्डेय अध्यक्ष हैमरबॉल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश आदित्य सचिव हैमरबॉल एवं वीरेंद्र डडसेना कोषाध्यक्ष ने किया। उक्त आयोजन में दीपक दुबे बिलासपुर, रूखमणी रानू बलौदाबाजार, सेवती टोप्पो राजनांदगांव, दीपक टण्डन रायपुर, मनीषा चौहान रायपुर, अभिषेक कसेर रायगढ़, सूर्यकांत मिश्रा महासमुंद, का योगदान सराहनीय रहा। समापन अवसर पर सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं ऑफिसियल को मुव्हमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि अमर सुलतानियां ने कहा कि जांजगीर जिले को खेल के क्षेत्र में नई इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ विकसित करने के लिए सरकार हर संभव मदद करेगी। नई जनरेशन पर हैमरबॉल एक पारंपरिक खेल होने के साथ साथ मनोरंजनात्मक खेल है जिसमे खिलाड़ी जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेगे। संगठन के मांग पर उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने का आश्वासन दिए। जितेंद्र तिवारी ने कहा कि समय समय पर खेलों के आयोजन से खिलाड़ियों को अच्छा प्लेटफार्म मिलता है और खेल के माध्यम से वे अपना सर्वागीण विकास कर सकते हैं। कार्यक्रम को एस एस बघेल ने भी सम्बोधित किया ।



## सांकर में रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अकलतरा।** पूर्व प्लाटून कमांडर स्वर्गीय अविनाश सिंह चंदेल की स्मृति में ग्राम सांकर के बरछा मैदान में रात्रि कालीन फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ श्रीमती प्रजेश सिंह चंदेल एवं शीलादित्य सिंह चंदेल के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर की गई।

■ प्रथम विजेता को 35 हजार व उपविजेता को मिलेगा 16 हजार रुपए ईनाम

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बताया कि स्वर्गीय अविनाश सिंह चंदेल एक कर्तव्य परायण अधिकारी होने के साथ-साथ प्रतिभावान खिलाड़ी भी थे। उनकी स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता से क्षेत्र वासियों को बेहतर नागरिक एवं खिलाड़ी बनने की प्रेरणा मिलेगी। प्रतियोगिता के संयोजक अनुराग सिंह चंदेल ने बताया कि 15 मई से 1 जून तक चलने वाले प्रतियोगिता में 64 टीमों ने हिस्सा लिया है। प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को 35 हजार एवं उपविजेता को 16 हजार रुपए नगद पुरस्कार एवं शील्ड प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य पुरस्कार भी खिलाड़ियों के लिए रखे गए हैं। कार्यक्रम में सरपंच जगदीश पटेल ,पूर्व सरपंच चंद्रशेखर जायसवाल, बद्री शाहू ,मनमोहन राज, टुकू पटेल, गौरी शंकर पटेल ,धनजय सिंह, संजय सिंह, गीतेश सिंह, धनराज सिंग ,राजशेखर सिंग ,श्लोक सिंह ,ओमकार सिंह , सांकर टाइगर टीम के सदस्य व ग्राम वासी उपस्थित थे।



फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि।

## रामचंद्र थावानी पंचतत्व में विलीन जुटे आर.एस.एस. के दिग्गज



**चांपा।** स्थानीय पूज्य सिंधी पंचायत बस्ती के मुखी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जांजगीर-चांपा व सक्ती जिले के पूर्व जिला संघ चालक और तिलभाण्डेश्वर बाल कल्याण समिति चांपा के संस्थापक सदस्य रामचंद्र थावानी का बुधवार 15 मई को सुबह 10 बजे निवास पर निधन हो गया।

उनका अंतिम संस्कार गुरूवार 16 मई को पूर्वान्ह 11 बजे मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र संजय थावानी ने दी। अविभाजित म.प्र. तथा इसके पश्चात छ.ग. राज्य गठन के बाद दशकों तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले रामा भैया के नाम से मशहूर रामचंद्र थावानी को नम आंखों से अंतिम विदाई दी गयी। गुरूवार को मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में उनका पार्थिव शरीर अग्नि संस्कार के साथ ही पंचतत्व में विलीन हो गया। इस दौरान उन्हें अंतिम विदाई देने आर.एस.एस. के प्रांत प्रचारक अभयराम कुम्भकार, प्रांत कार्यवाह चंद्रशेखर देवांगन, प्रांतीय आर्थिक टोली के सदस्य अश्विनी कश्यप, कोरबा से आए विभाग संघ चालक सत्येन्द्र दुबे के अलावा प्रांत एवं क्षेत्र से आये अनेक आर.एस.एस. के स्वयंसेवक, परिजन सहित नगर के विभिन्न वर्गों के गणमान्य नागरिक तथा जनप्रतिनिधि मौजूद थे।







